# PC - 532

## (594) M.COM (FOURTH SEMESTER)

Examination JUNE 2020

**Compulsory/Optional**

Group-B

Paper-I

**FINANCIAL MANAGEMENT**

Time:- Three Hours

Maximum Marks: 080

Minimum Passing Mark-....

नोट : दोनों खण्डों से निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

Note: Answer from Both the Section as Directed. The Figures in the right-hand margin indicate marks.

**खण्ड/ Section - A**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिये। 1X10

Select and write the correct option of following questions:-

(I) निम्न में कौन सा वित्त कार्य का अंग नहीं है?

(अ) विनियोग निर्णय (ब) अर्थ प्रबंधन निर्णय

(स) व्यवसाय स्थापित करने का निर्णय (द) लाभांश निर्णय

Which of the following is not the component of finance function?

(a) Investment decision (b) financing Decision

(c) Decision regarding Setting up a business

(d) Dividend decision.

(II) पे बैक पीरीयड से आशय होता है–

(अ) अवधि जिसमें भुगतान करना है

(ब) अवधि जिसमें भुगतान प्राप्त करना है

(स) जिस अवधि में विनियोग की राशि पुनः वापस प्राप्त हो जाये।

(द) इनमें से कोई नहीं।

Pay-back period means –

(A) Period in which payment is to be made.

(B) Period in which payment is to be received.

(C) Period in which amount of investment is recovered

(D) None of these.

(III) एक कंपनी ने 100 रू. वाले 6% ऋणपत्र 10% बट्टे पर निर्गमित किये हैं, जो 10 वर्ष बाद शोधनीय है। ऋणपत्र पूंजी की लागत है –

(अ) 6% (ब) 6.33% (स) 7.37% (द) 7.00%

A company has issued 6% debentures of Rs. 100 each at a discount of 10% repayable after 10 years. Cost of debenture capital is:-

(A) 6% (B) 6.33% (C) 7.37% (D) 7.00%

(IV) विक्रय 2,00,000 रू. परिवर्तनशील लागत 1,40,000 रू. स्थायी लागत 40,000 रू।

परिचालन लीवरेज होगा –

(अ) 5 (ब) 3 (स) 2 (द) 2.5

Sales Rs. 2,00,000, variable cost Rs. 1,40,000, fixed cost Rs. 40,000. Operating Leverage will be –

(A) 5 (B) 3 (C) 2 (D) 2.5

(V) पूँजी ढ़ॉचा को प्रभावित करते हैं –

(अ) व्यवसाय का स्वरूप व प्रकृति (ब) आय की नियमितता

(स) व्यवसाय नियंत्रण का प्रारूप (द) उक्त सभी

Capital Structure is affected by –

(a) Nature & form of business (b) Regularity of income

(c) form of control over business (d) All the above.

(VI) सुदृढ़ लाभांश नीति का आधार होता है–

(अ) लाभांश विनियोजन एवं वितरण में सामंजस्य

(ब) विनियोजकों को आकर्षित करना

(स) बोनस देना

(द) लाभ दर स्थायी रखना

Sound dividend policy is based on :-

(a) Symmetry between investment of profit & distribution of profit

(b) Attracting the investors

(c) Payment of Bonus

(d) Keeping the dividend rate stable.

(VII) कार्यशील पूँजी का आशय होता है–

(अ) चालू संपत्तियों के योग से

(ब) चालू संपत्तियों का चालू दायित्यों पर आधिक्य से

(स) संपत्तियों का वह भाग जो व्यवसाय संचालन में बदलता रहता है।

(द) उक्त सभी से

Working Capital means:_

(a) Total of current Assets

(b) Excess of current Assets over current liabilities

(c) That portion of assets which change in business operation.

(d) All the above.

(VIII) एक व्यवसाय में रोकड़ स्तर प्रभावित होता है :–

(अ) क्रय–विक्रय की शर्तों से (ब) राजनैतिक परिस्थितियों से

(स) वित्त प्रबंधक की इच्छाओं से (द) इनमें से कोई नहीं

Level of cash in a business is affected by :-

(a) Terms of purchase & Sale (b) Political situations

(c) Wishes of finance Manager (d) None of these.

(IX) प्राप्यों का रख–रखाव करना पड़ता है –

(अ) विक्रय में वृद्धि के लिए

(ब) लाभ में वृद्धि के लिए

(स) प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए

(द) उक्त सभी के लिए।

Receivables are maintained for –

(a) Increasing the Sales

(b) Increasing the profit

(c) Meeting the competition

(d) All the above

(X) दिया है –(i) आवश्यक कुल मात्रा 6000 इकाइयॉ

(ii) प्रति आदेश मात्रा 1000 इकाइयॉ

(iii) प्रति आदेश आदेशन लागत रू. 30.00

अतः कुल आदेश लागत होगी –

(अ) 3000 रू. (ब) 180 रू.

(स) 1450 रू. (द) इनमें से कोई नहीं।

Given – (i) Total Quantity required – 6000 units

(ii) Per order Quantity - 1000 units

(iii) Ordering cost per order – Rs. 30.00

Hence total ordering cost will be :-

(a) Rs. 3000 (b) Rs. 180

(b) Rs. 1450 (d) None of these

2. निम्नलिखित लघु–उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 2X5

Answer the following short answer type question: (Any five)

(i) वित्तीय प्रबंध क्या है?

What is financial Management?

(ii) वित्तीय लीवरेज से आप क्या समझते है?

What do you understand by financial leverage?

(iii) अनुकूलतम पूँजी संरचना से क्या आशय होता है?

What is meant by optimum capital structure?

(iv) कार्यशील पूँजी विश्लेषण में अनुपातों का क्या महत्व है?

What is the significance of ratios in working capital anlysis?

(V) रोकड़ स्तर को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों का वर्णन कीजिये।

Describe any four factors affecting the level of cash.

(vi) स्कंध में क्या शामिल होता है?

What are included in inventories?

(vii) वित्तीय नियोजन के मुख्य तत्व क्या है?

What are the main elements of financial planning?

(viii) लाभांश कितने प्रकार के होते हैं?

What are the types of dividend?

(ix) पूँजी की लागत से आप क्या समझते है?

What do you understand by cost of capital?

(x) पूँजी राशनिंग क्या है?

What is capital rationing?

**खण्ड/ Section - B**

निम्नलिखित दीर्घ–उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न हल करना अनिवार्य है। 12X5

Answer the following long-answer type questions: It is must to solve one question from each UNIT -

## इकाई / Unit-I

3. पूँजी बजटन से आप क्या समझते है? पूँजी खर्च निर्णयन को प्रभावित करने वाले कारकों को समझाइये।

What is capital budgeting? State the factors affecting capital expenditures decision.

### अथवा / OR

भारत लिमिटेड अपने सम्बर्द्धन योजना के अतंर्गत एक नयी मशीन खरीदना चाह रही है। इस उद्देश्य के लिए उपर्युक्त दो मशीने है। उनका विवरण निम्नवत है:–

| क्र. | विवरण | मशीन | |
|---|---|---|---|
| | | एक्स (रू.) | वाई (रू.) |
| 1 | पूँजी लागत | 600000 | 600000 |
| 2 | विक्रय | 1000000 | 800000 |
| 3 | उत्पादन लागत | | |
| | (i) प्रत्यक्ष सामग्री | 80000 | 100000 |
| | (ii) प्रत्यक्ष श्रम | 100000 | 60000 |
| | (iii)कारखाना उपरिव्यय | 120000 | 100000 |
| | (iv)प्रशासनिक उपरिव्यय | 40000 | 20000 |
| | (v) विक्रय एवं वितरण लागत | 20000 | 20000 |
| मशीन एक्स का आर्थिक जीवनकाल 5 वर्ष और वाई का 4 वर्ष है। | | | |

अवशेष मूल्य क्रमशः 60000 रू. एवं 40000 रू. है। मशीनों के संपूर्ण जीवनकाल में विक्रय उसी दर से होने की उम्मीद है, जो दर्शाई गयी है। प्रत्येक मशीन पर होने वाले व्ययों को ही लागत दर्शाया गया है। प्रत्येक वर्ष की आय पर 50% कर देना है। पूँजी पर ब्याज 10% प्रतिवर्ष की दर से देना है।

पे बैक अवधि के आधार पर दर्शाइये कि कौन सी मशीन सर्वाधिक लाभदायक होगी?

Bharat Ltd. is considering the purchase of a new machine for its expansion programme. These are two possible machines suitable for the purpose. Their details are as under: -

| SN. | Particulars. | MACHINE | |
|---|---|---|---|
| | | X (Rs.) | Y (Rs.) |
| 1 | Capital cost | 600000 | 600000 |
| 2 | Sales | 1000000 | 800000 |
| 3 | Cost of production - | | |
| | (i) Direct Material | 80000 | 100000 |
| | (ii) Direct labour | 100000 | 60000 |
| | (iii)factory overheads | 120000 | 100000 |
| | (iv)Adm. overheads | 40000 | 20000 |
| | (v) Sales & distribution cost | 20000 | 20000 |
| The economic life of machine X is 5 years and 4 years of machine Y | | | |

The scop value are Rs. 60000 & Rs. 40000 respectively. Sales are expected to be at the rates shown each year during the full economic life of machines. The costs relate to annual expenditure resulting from each machine. Tax to be paid is expected at 50% of the net earning each year. Interest on capital has to be paid at

10% p.a. show which machine would be the most profitable investments on the basis of pay-back period?

## इकाई / Unit-II

4. पूँजी की लागत की परिभाषा दीजिये। विभिन्न स्त्रोंतों से प्राप्त पूँजी की लागत का निर्धारण आप किस प्रकार करेंगे?
Define cost of capital. How will you determine the cost of capital from different sources?

अथवा / **OR**

एक्स लि.मि. ने निम्न स्त्रोतों से पूँजी प्राप्त की है, उनके सामने विशिष्ट लागतों को भी दर्शाया गया है–

| पूँजी के स्त्रोत | पुस्त मूल्य रू. | बजार मूल्य रू. | पूँजी की लागत |
|---|---|---|---|
| ऋण पत्र | 400000 | 380000 | 5% |
| पूर्वाधिकार अंश | 100000 | 110000 | 8% |
| सम अंश | 600000 | 1200000 | 13% |
| प्रतिधारित आय | 200000 | – | 9% |

(i) पुस्त मूल्य भार और (ii) बाजार मूल्य भार का प्रयोग करते हुये आपको पूँजी की भारांकित औसत लागत की गणना करनी है।

X ltd has obtained capital from the following sources, the specific cost is also noted down against them –

| Sources of capital | Book value | Market value | Cost of capital |
|---|---|---|---|
| Debentures | 400000 | 380000 | 5% |
| Preference share | 100000 | 110000 | 8% |
| Equity share | 600000 | 1200000 | 13% |
| Retained earnings | 200000 | - | 9% |

You are required to calculate weighted average cost of capital using (i) Book value weights and (ii) Market value weights.

## इकाई / Unit-III

5. लीवरेज से क्या आशय है? लीवरेज कितने प्रकार का होता है? स्पष्ट व्याख्या कीजिये।
What is meant by leverage? What are the various types of leverages? Explain clearly.

अथवा / **OR**

एक वर्ष के लिये जेड लिमि. का लाभदायकता विवरण निम्न प्रकार है –

| | रू. |
|---|---|
| विक्रय | 240000 |
| परिवर्तनशील लागत | 140000 |
| योगदान | 100000 |
| स्थिर लागत | 60000 |
| ब्याज एवं कर के पूर्व का आय | 40000 |
| ब्याज | 15000 |
| कर के पूर्व की आय | 25000 |

उक्त विवरण के आधार पर परिचालन लीवरेज वित्तीय लिवरेज तथा संयुक्त लिवरेज की गणना कीजिये।

The profitability statement of Z ltd. For one year is as under –

| | | |
|---|---|---|
| Sales | | Rs. 240000 |
| Variable costs | | Rs. 140000 |
| Contribution | | 100000 |
| Fixed cost | | 60000 |
| | EBIT | 40000 |
| Interest | | 15000 |
| | EBT | 25000 |

On the basis of above particulars, calculate operating leverage, financial leverage and combined leverage.

## इकाई / Unit-IV

6. किसी कम्पनी की लाभांश नीति को निर्धारित करते समय किन बातों पर ध्यान देना आवश्यक होता है? उदाहरण सहित समझाइये।

What considerations are kept in view while deciding the dividend policy of a company? Explain with illustrations.

अथवा / **OR**

एक कंपनी के वर्तमान में 100 रू. पर बिकने वाले 10000 अंश बकाया है। वर्तमान वर्ष के अंत में कम्पनी 5 रू. प्रति अंश लाभांश भुगतान करने का विचार कर रही है। इस प्रकार की कंपनी के लिए पूँजीकरण दर 10% है।
वर्ष के अंत में अंश का मूल्य क्या होगा –
(i) यदि लाभांश घोषित किया जाता है, और
(ii) लाभांश घोषित नहीं किया जाता है।

व्याख्या कीजिये कि चाहे लाभांश का भुगतान करें या न करें, एम.एम.मॉडल के अनुसार अंशधारियों का धन एक समान रहता है।

A company has at present outstanding 10000 shares selling at Rs. 100/-. The company is thinking of declaring a dividend of Rs. 5 per share at the end of current year. The capitalisation rates this type of company is 10%
What will be the price of the share at the end of the year if
(i) a dividend is declared and
(ii) No dividend is declared.
Explain that as per m.m. approach the wealth of shareholders is the same whether dividend is paid or Not.

## इकाई / Unit-V

7. कार्यशील पूँजी प्रबंध से आप क्या समझते है? कार्यशील पूँजी में कमी (अपर्याप्तता) और आधिक्य (आवश्यकता से ऊपर) के खतरों को बताइये।

What do you understand by working capital management? Enumerate dangers of deficiency (inadequacy) and surplus (excess) in working capital.

अथवा / **OR**

एक निर्माणी कंपनी केवल घरेलु बाजार में ही माल बेचती है और विक्रय का 20% सकल लाभ कमाती है। 31 दिसंबर 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये निम्न ऑकड़े उपलब्ध है–

| | रू. |
|---|---|
| प्रयुक्त सामग्री | 112500 |
| मजदूरी भुगतान | 90000 |
| निर्माणी व्यय | 135000 |
| प्रशासनिक व्यय | 30000 |
| अवक्षयण | 15000 |
| विक्रय प्रवर्तन व्यय | 15000 |
| विक्रय | 300000 |

**अन्य विवरण है–**

(i) सामग्री के आपूर्तिदाता दो माह साख प्रदान करते है।

(ii) मजदूरी का भुगतान आधे माह के बकाया के रूप में होता है।

(iii) निर्माणी व प्रशासनिक व्यय सभी नकद खर्चे है और एक माह बाद दिये जाते हैं।

(iv) विक्रय संवर्द्धन व्यय अग्रिम तिमाही के रूप में दिये जाते हैं।

(v) बिक्री एक माह की उधार पर होती है।

(vi) कंपनी कच्ची सामग्री व तैयार माल का एक माह का स्टॉक रखना चाहती है।

(vii) कंपनी 25000 रू. अपने पास रखना चाहती है, जिसमें 12500 रू. की अधिविकर्ष सीमा भी है, जो अभी तक प्रयोग नहीं की गई है।

आपको वर्ष 2018 के लिये कार्यशील पूँजी की आवश्यकता का निर्धारण करना है।

A manufacturing Company sells goods in the home market only and earns a gross profit of 20% on sales. For the year ending 31st Dec. 2018, the following figures are available –

| | Rs. |
|---|---|
| Material used | 112500 |
| Wages paid | 90000 |
| Manufacturing Expanses | 135000 |
| Administration expanses | 30000 |
| Depreciation | 15000 |
| Sales promotion expenses | 15000 |
| Sales | 300000 |

Other Particulars are –

(i) Suppliers of Materials provide two-month credit.

(ii) Wages are paid half month in arrears.

(iii) Manufacturing & Administrative expenses are & all cash expenses and are paid one month in arrears.

(iv) Sales promotion expenses are paid quarterly in advance.

(v) Sales are made at one-month credit.

(vi) Company wishes to keep one-month stock of raw material and also of finished goods.

(vii) the company believes in keeping Rs. 25000 available to it including the overdraft limit of Rs. 12500 not yet utilized by the company.

You are requested to ascertain the requirements of working capital for the year 2018.